विधान परिषद के प्रथम सत्र-2025 के द्वितीय बुधवार के लिए निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर।

प्रश्न | उत्तर

7 (क) क्या कारागार मंत्री बतायेगें कि प्रदेश की कारागारों में शैक्षिक कार्यक्रम भी संचालित किये जाते है?

जी हाँ।

(ख) यदि हॉ, तो उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद् एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्था की परीक्षा 2021-22 से लेकर 2023-24 तक कितने बन्दी परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये तथा हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्कूल में क्रमवार कितने उत्तीर्ण हुए?

वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2023-24 तक उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्था की परीक्षा में कुल 660 बन्दी सम्मिलित हुए तथा परीक्षा में कुल 539 बन्दी उत्तीर्ण हुए।

वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक सम्मिलित/उत्तीर्ण बंदी परीक्षर्थियों का क्रमवार विवरण-

| परिषद/संस्था | कक्षा | सम्मिलित | उत्तीर्ण |
|---|---|---|---|
| उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद | हाईस्कूल | 276 | 253 |
| | इण्टरमीडिएट | 280 | 231 |
| राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्था | हाईस्कूल | 92 | 45 |
| | इण्टरमीडिएट | 12 | 10 |
| **कुल** | | **660** | **539** |

(ग) हाईस्कूल बन्दी परीक्षार्थी में से इण्टर कक्षाओं में पंजीकृत होने वाले परीक्षार्थियों की क्रमवार कितनी संख्या है?

हाईस्कूल बन्दी परीक्षार्थी में से इण्टर कक्षाओं में कुल 48 बंदी पंजीकृत हुए, जिनका क्रमवार विवरण निम्नवत है:-

| वर्ष | पंजीकृत |
|---|---|
| वर्ष 2021-22 | 10 |
| वर्ष 2022-23 | 17 |
| वर्ष 2023-24 | 21 |
| **कुल** | **48** |

(घ) ऐसे बन्दियों को परीक्षा की तैयारी हेतु पुस्तकें उपलब्ध कराने की व्यवस्था क्या है?

कारागार के पुस्तकालय में परीक्षा की तैयारी सम्बन्धी पुस्तकें उपलब्ध हैं। कारागार प्रशासन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं स्वयं सेवी संगठनों से सम्पर्क स्थापित कर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। पुस्तकालयों में परीक्षा से सम्बन्धित जो पुस्तकें उपलब्ध नहीं होती हैं, उन्हें माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्था, प्रयागराज द्वारा भी पुस्तकें उपलब्ध करायी जाती हैं। बंदी परीक्षार्थी अपने परिजनों के माध्यम से भी पुस्तकों की व्यवस्था कर सकते हैं।

(ड.) क्या जिला कारागार सिद्धार्थनगर में बन्दी परीक्षार्थियों के सम्बन्ध में पूरा विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?

जी हां।

जिला कारागार सिद्धार्थनगर में वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 तक उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्था की परीक्षा में कोई बंदी परीक्षार्थी पंजीकृत/सम्मिलित नहीं हुआ।

दारा सिंह चौहान

मंत्री